an>

Title: Need to provide better medical facilities at Bhopal Memorial Hospital and set up Bhopal Gas Memorial and provide employment facilities for affected people.

श्री आलोक संजर (भोपाल) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं भोपाल से आता हूं और मैंने उस गैस त्रासदी के दर्शन किये हैं। ...(व्यवधान) उस पीड़ा को मैंने भी भोगा है।...(व्यवधान) आज हम सबने गैस पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी दी है, लेकिन आज भी वहां जो बच्चे जन्म ले रहे हैं, वे बीमारियों से ग्रसित हैं। ...(व्यवधान) जो पुराने लोग हैं, वे भी आज उस पीड़ा को भोग रहे हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं आज आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पिछले दिनों आदरणीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री ने वहां दौरा किया था। ...(व्यवधान) उस स्थान पर अभी भी जहरीला कचरा उपस्थित है। ...(व्यवधान) उसके निष्Âपादन की कार्रवाई शीघ्र अतिशीघ्र हो। ...(व्यवधान) इसके साथ मेरा यह भी आग्रह है कि भोपाल मेमोरियल अस्पताल, जो गैस पीड़ितों के लिए बनाया गया था, उसकी आज बहुत दुर्दशा है। ...(व्यवधान) उस दुर्दशा से उसे बाहर निकालने के लिए मैं आज सदन से आग्रह करता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं यह भी आग्रह करना चाहता हूं कि वहां रिक्त भूमि पर एक तरफ स्मारक बनाया जाये और शेÂष भूमि पर गैस पीड़ित लोगों के परिवारों के लिए रोजगार की व्यवस्था की जाये। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरो प्रसाद मिश्र को श्री आलोक संजर द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।